हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 12 फरवरी 2026

06 शाला विकास की बड़ी पहलः सर्वसम्मति से पारित हुई...



09 आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए बूथ स्तरीय...





**खबर संक्षेप**

### छापामार कार्रवाई, जब्त किए गए 5 घरेलू गैस सिलेंडर



**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग को रोकने के लिए खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले के विभिन्न व्यावसायिक संस्थानों, होटलों एवं प्रतिष्ठानों पर छापामार कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई में घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यवसाय के लिए उपयोग करने वाली दुकानों एवं संस्थानों की जांच कर उपयोग किए जा रहे घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए जा रहे हैं एवं कार्रवाई की जा रही है। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आकाश चंदेल ने बताया कि जांच के दौरान कुबेरेश्वर धाम स्थित 3 दुकानों एवं प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर कार्रवाई करते हुए 5 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। यह कार्रवाई कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आकाश चंदेल एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा की गई।

### महाशिवरात्रि पर 25 क्विंटल फलाहारी खिचड़ी का वितरण



**सीहोर।** 15 फरवरी 2026 महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व जिला पंचायत, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अमीता अरोरा द्वारा नगर के मनकामेश्वर महादेव मंदिर में 25 क्विंटल खिचड़ी एवं मट्ठे का वितरण किया जाएगा। इसको लेकर तैयारियां की जा रही हैं। भाजपा नेता जसपाल सिंह अरोरा ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं, भक्तों के लिए मनकामेश्वर महादेव मंदिर पर फलाहारी खिचड़ी का वितरण किया जाएगा। ज्यादा से ज्यादा संख्या में पधारकर भक्त खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण करें। उन्होंने बताया कि सीहोर के कुबेरेश्वर धाम पर भी भव्य रूद्राक्ष महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। इसमें शामिल होने के लिए लाखों लोग सीहोर पहुंचते हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं की सेवा का अवसर भी प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि अरोरा परिवार एवं अरोरा मित्र मंडल द्वारा प्रसादी का वितरण किया जाएगा।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि कार्यक्रम से भाजपाइयों ने बनाई दूरी, जिलाध्यक्ष ने कम संख्या देख जताई नाराजगी

## नगर मंडल अध्यक्ष ने कहा कार्यकारिणी का गठन हो जाता तो पदाधिकारियों को सौंप सकता था जिम्मेदारी

**सीहोर।** सबसे अनुशासित पार्टी कहने वाली भारतीय जनता पार्टी के भीतर जिला मुख्यालय पर चल रही खींचतान अब सार्वजनिक होने लगी है। बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपाइयों की बेरुखी साफ नजर आई। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं की बेहद कम संख्या को देखकर जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने नाराजगी जताई, जिस पर मंडल अध्यक्ष द्वारा सफाई दी गई।

बता दें नियमः नगर में होने वाले किसी भी कार्यक्रम की जिम्मेदारी नगर मंडल की होती है। इधर बुधवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान जब जिलाध्यक्ष ने भीड़ कम होने को लेकर नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति से सवाल किया तो सुदीप प्रजापति ने अपनी बात रखते हुए कहा कि कहा मेरी कार्यकारिणी ही गठित नहीं हो सकी है। अगर मेरे पास कार्यकारिणी के पदाधिकारी होते तो मैं उन्हें जिम्मेदारी सौंपता और कार्यक्रम में भीड़ जुटती। बता दें नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति को दोबारा कमान संभाले एक साल से अधिक का समय बीत चुका है। नियमानुसार अध्यक्ष के साथ उसकी कार्यकारिणी का होना अनिवार्य है, ताकि संगठन के काम सुचारू रूप से चल सकें, लेकिन सीहोर नगर में यह मामला पूरी तरह उलझा हुआ है।



### संगठन महामंत्री के निर्देश भी बेअसर

अभी दो दिन पहले 9 फरवरी को भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल सीहोर प्रवास पर थे। उनके सामने भी कार्यकारिणी का मुद्दा उठा था। श्री जामवाल ने गंभीरता दिखाते हुए दो-तीन दिन के भीतर कार्यकारिणी घोषित करने के सख्त निर्देश दिए थे, लेकिन संगठन के इतने बड़े पदाधिकारी के हस्तक्षेप के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है।



### सीहोर के कार्यकर्ताओं का भविष्य अधर में

एक ओर जहां जिले के अन्य 23 मंडलों में नई टीमें काम करना शुरू कर चुकी हैं, वहीं जिला मुख्यालय के कार्यकर्ताओं में इस देरी से मायूसी है। मंडल अध्यक्ष और जिलाध्यक्ष के बीच फंसी इस लिस्ट के कारण कई सक्रिय कार्यकर्ताओं का भविष्य अधर में है।

### मैं अपनी जिम्मेदारी पूरी कर चुका हूं

नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति ने बताया कि संगठन की प्रक्रिया के तहत मैंने कार्यकारिणी के लिए संभावित नामों की सूची बहुत पहले ही जिलाध्यक्ष को सौंप दी है। मैंने न केवल लिखित सूची दी, बल्कि वाट्सएप से भी विवरण भेजा है। एक कार्यकर्ता और अध्यक्ष के नाते मेरा काम नाम प्रस्तावित करना है, जिसे मैं भेज चुका हूं, अब घोषणा करना जिला नेतृत्व का निर्णय है।

## देशभर के प्रमुख शहरों से सीधे सीहोर की कनेक्टिविटी, स्टेशन पर श्रद्धालुओं को आने-जाने में होगी सहुलियत

# रुद्राक्ष महोत्सव में सीहोर को मिली ऐतिहासिक सौगात, 21 एक्सप्रेस ट्रेनों का अस्थाई स्टॉपेज

इन ट्रेनों के माध्यम से इंदौर, अहमदाबाद, मुंबई, जोधपुर, पुरी, वाराणसी, पटना, कोलकाता, हैदराबाद, गुवाहाटी और तिरुवनंतपुरम जैसे बड़े शहरों से सीहोर को सीधा रेल संपर्क मिलेगा।


हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

विश्व प्रसिद्ध कुबेरेश्वर धाम में आयोजित होने जा रहे भव्य रुद्राक्ष महोत्सव 2026 को लेकर इस बार रेलवे और जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए ऐतिहासिक कदम उठाया है। पहली बार 21 जोड़ी एक्सप्रेस ट्रेनों को अस्थायी रूप से सीहोर रेलवे स्टेशन पर रोका जाएगा। यह सुविधा 13 फरवरी से 22 फरवरी 2026 तक कुल 10 दिनों के लिए लागू रहेगी, जिससे देशभर से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को सीधी और सुगम यात्रा सुविधा मिलेगी।

### तिरुवनंतपुरम जैसे बड़े शहरों से सीहोर को सीधा रेल संपर्क मिलेगा

इन ट्रेनों के माध्यम से इंदौर, अहमदाबाद, मुंबई, जोधपुर, पुरी, वाराणसी, पटना, कोलकाता, हैदराबाद, गुवाहाटी और तिरुवनंतपुरम जैसे बड़े शहरों से सीहोर को सीधा रेल संपर्क मिलेगा। इससे श्रद्धालुओं को भोपाल या इंदौर उतरकर सड़क मार्ग से आने की परेशानी नहीं होगी और वे सीधे कुबेरेश्वर धाम के नजदीक सीहोर स्टेशन पर उतर सकेंगे।

ज्ञात रहे हाल ही में 19489/19490 अहमदाबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस और 19091/19092 मुंबई बांद्रा-गोरखपुर एक्सप्रेस का सीहोर रेलवे स्टेशन पर स्थायी स्टॉपेज शुरू किया गया है। इससे सीहोर की रेल कनेक्टिविटी को स्थायी मजबूती मिली है और रुद्राक्ष महोत्सव के बाद भी यात्रियों को इसका लाभ मिलता रहेगा।



### 10 एकड़ में भोजनशाला, 5 रुपए में पानी

श्रद्धालुओं के लिए 10 एकड़ क्षेत्र में विशाल भोजनशाला तैयार की गई है। पेयजल व्यवस्था के तहत एक लीटर पानी की बोतल मात्र 5 रुपये में उपलब्ध कराई जाएगी।

स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कुबेरेश्वरधाम से रेलवे स्टेशन तक लगभग 20 अस्थायी अस्पताल स्थापित किए जा रहे हैं। पूरे परिसर में 256 हाई-टेक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनसे हर गतिविधि पर निगरानी रखी जाएगी।

### आज से डायवर्ट होगा रूट

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ और हाईवे पर जाम की स्थिति को देखते हुए ट्रैफिक डायवर्जन प्लान लागू किया गया है। यह व्यवस्था 12 फरवरी सुबह 6 बजे से शुरू होकर 21 फरवरी सुबह 6 बजे तक प्रभावी रहेगी।

#### भारी वाहनों के लिए

भोपाल से इंदौर जाने वाले भारी वाहन मुबारकपुर जोड़ (परवलिया) या तुमड़ा जोड़ (खजूरी) से होकर श्यामपुर-कुरावर-ब्यावरा-मक्सी मार्ग का उपयोग करेंगे। इसी तरह इंदौर-देवास से आने वाले भारी वाहन मक्सी-ब्यावरा होकर भोपाल पहुंचेंगे।

#### छोटे वाहनों के लिए

भोपाल से इंदौर जाने वाले छोटे और सवारी वाहन सीहोर के न्यू क्रिसेंट चौराहा से भाऊखेड़ी जोड़ और अमलाहा होते हुए आष्टा-इंदौर जा सकेंगे। इंदौर से भोपाल आने वाले वाहन भी इसी मार्ग आष्टा-अमलाहा-भाऊखेड़ी जोड़ का पालन करेंगे।

### सीहोर स्टेशन पर अस्थाई ठहराव प्राप्त 21 एक्सप्रेस ट्रेनें

1. 12923/12924 – डॉ. अंबेडकर नगर (दादर नगर) ⇄ नागपुर ⇄ डॉ. अंबेडकर नगर
2. 19301/19302 – डॉ. अंबेडकर नगर ⇄ यशवंतपुर ⇄ डॉ. अंबेडकर नगर
3. 22911/22912 – इंदौर ⇄ हावड़ा ⇄ इंदौर
4. 12719/12720 – जयपुर ⇄ हिसार ⇄ जयपुर
5. 17019/17020 – हिसार ⇄ हैदराबाद ⇄ हिसार
6. 22909/22910 – वलसाड ⇄ पुरी ⇄ वलसाड
7. 20814/20813 – जोधपुर ⇄ पुरी ⇄ जोधपुर
8. 15560/15559 – अहमदाबाद ⇄ दरभंगा ⇄ अहमदाबाद
9. 19413/19414 – अहमदाबाद ⇄ कोलकाता (कोआ) ⇄ अहमदाबाद
10. 22829/22830 – भुज ⇄ शालीमार (कोलकाता) ⇄ भुज
11. 22673/22674 – जोधपुर ⇄ मन्नारगुड़ी ⇄ जोधपुर
12. 22468/22467 – गांधीनगर कैपिटल ⇄ वाराणसी ⇄ गांधीनगर कैपिटल
13. 20414/20413 – इंदौर ⇄ वाराणसी ⇄ इंदौर
14. 20416/20415 – इंदौर ⇄ वाराणसी ⇄ इंदौर
15. 14115/14116 – डॉ. अंबेडकर नगर ⇄ प्रयागराज ⇄ डॉ. अंबेडकर नगर
16. 19313/19314 – इंदौर ⇄ पटना ⇄ इंदौर
17. 19321/19322 – इंदौर ⇄ पटना ⇄ इंदौर
18. 19305/19306 – डॉ. अंबेडकर नगर ⇄ कामाख्या (गुवाहाटी) ⇄ डॉ. अंबेडकर नगर
19. 19489/19490 – अहमदाबाद ⇄ गोरखपुर ⇄ अहमदाबाद
20. 22645/22646 – इंदौर ⇄ तिरुवनंतपुरम ⇄ इंदौर
21. 22191/22192 – इंदौर ⇄ जबलपुर ⇄ इंदौर

-ये सभी ट्रेनें 13 फरवरी से 22 फरवरी तक रुद्राक्ष महोत्सव के दौरान सीहोर रेलवे स्टेशन पर अस्थायी रूप से रुकेंगी।

### पिछले साल 5 लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे थे ट्रेनों से

गत वर्ष रुद्राक्ष महोत्सव के दौरान करीब 5 लाख श्रद्धालु केवल ट्रेनों से सीहोर पहुंचे थे। भारी भीड़ के कारण यात्रियों को अव्यवस्था और असुविधाओं का सामना करना पड़ा था। इस अनुभव से सीख लेते हुए इस बार रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक और दो पर अस्थायी टेंट, पेयजल, अतिरिक्त सुरक्षा बल और स्वयंसेवकों की व्यवस्था की जा रही है। जिला प्रशासन का मानना है कि यह ऐतिहासिक पहल सीहोर को धार्मिक पर्यटन के बड़े केंद्र के रूप में स्थापित करेगी। रुद्राक्ष महोत्सव अब केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सीहोर की पहचान बन चुका है, जहां आस्था के साथ विकास की नई राहें भी खुल रही हैं। रेलवे का यह निर्णय न सिर्फ श्रद्धालुओं की सुविधा बढ़ाएगा, बल्कि क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को भी नई गति देगा।

## शासकीय माध्यमिक शाला कोडियाछीतू की सराहनीय पहल

# परीक्षा पूर्व विद्यार्थियों को मिली शैक्षिक सामग्री शाला प्रभारी ने छात्रों को दिया प्रेरक मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शासकीय माध्यमिक शाला कोडियाछीतू में आगामी वार्षिक परीक्षा के सफल संचालन एवं विद्यार्थियों की बेहतर तैयारी को ध्यान में रखते हुए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों को परीक्षा पूर्व पेन, कॉपी एवं अन्य आवश्यक शैक्षिक सामग्री का वितरण किया गया। विद्यालय परिवार द्वारा की गई इस पहल का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना रहा कि कोई भी विद्यार्थी संसाधनों के अभाव में अपनी तैयारी में पीछे न रह जाए तथा सभी विद्यार्थी समान अवसर के साथ परीक्षा में सम्मिलित हो सकें।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यार्थियों को अध्ययन के प्रति प्रेरित करते हुए किया गया। शाला प्रभारी श्री संजय सक्सेना ने विद्यार्थियों से संवाद स्थापित करते हुए परीक्षा पर विस्तृत एवं मार्गदर्शक चर्चा की। उन्होंने परीक्षा की तैयारी की सही रणनीति, समय का समुचित प्रबंधन, विषयवार पुनरावृत्ति, लिखित अभ्यास की आवश्यकता तथा मॉडल प्रश्नपत्र हल करने के महत्व पर प्रकाश डाला।



श्री सक्सेना ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि परीक्षा जीवन का एक महत्वपूर्ण चरण है, जो हमारे परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास की परीक्षा लेती है। यदि विद्यार्थी नियमित अध्ययन, सकारात्मक सोच और पूर्ण एकाग्रता के साथ तैयारी करें, तो सफलता निश्चित है। उन्होंने विद्यार्थियों को तनावमुक्त रहकर, प्रश्नपत्र को ध्यानपूर्वक पढक़र एवं उत्तरों को सुव्यवस्थित ढंग से लिखने की सलाह दी। विद्यालय के अन्य शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को विषयवार महत्वपूर्ण बिंदुओं की पुनरावृत्ति कराई तथा परीक्षा के दौरान सावधानियों से अवगत कराया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को मोबाइल एवं अन्य विचलनों से दूर रहकर नियमित अध्ययन करने और पर्याप्त विश्राम लेने की भी सलाह दी, ताकि वे मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ रहकर परीक्षा दे सकें। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में उत्साह, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक ऊर्जा का वातावरण देखने को मिला। शैक्षिक सामग्री प्राप्त कर विद्यार्थियों ने विद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया। अभिभावकों ने भी विद्यालय की इस संवेदनशील एवं विद्यार्थी हितैषी पहल की सराहना की तथा इसे विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। विद्यालय परिवार ने संकल्प व्यक्त किया कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम हेतु निरंतर ऐसे प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। अंत में समस्त विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य एवं श्रेष्ठ परिणाम की मंगलकामनाएं व्यक्त की गईं। इस अवसर पर शाला प्रभारी संजय सक्सेना, शैलेंद्र सिंह, देवेन्द्र सिंह चौहान, डी के मालवीय, शशिबाला नामदेव, फूलवती सेन, माधुरी जोशी, मंजू राठौर एवं सिद्धार्थ रघुवंशी आदि उपस्थित थे।

# 1 से 30 मई और फिर 2027 में होगा काम, नागरिक खुद भर सकेंगे जानकारी

**सीहोर।** नगर में जनगणना 2027 की तैयारियां शुरू हो गई हैं। कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। इस जनगणना का कार्य दो चरणों में पूरा किया जाएगा और यह पूरी प्रक्रिया डिजिटल होगी।




जनगणना का पहला चरण, जिसमें मकान सूचीकरण का कार्य शामिल है, 1 मई से 30 मई तक चलेगा। दूसरा चरण फरवरी 2027 में संपन्न होगा। इस बार जनगणना में स्व-गणना पोर्टल और मोबाइल ऐप के माध्यम से डेटा संकलित किया जाएगा। सीहोर जिले की जनगणना प्रभारी यशस्वी ने प्रक्रिया की जानकारी दी।

नागरिक 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक स्व-गणना पोर्टल पर अपनी जानकारी स्वयं भर सकेंगे। जनगणना अधिकारियों द्वारा मकान सूचीकरण के दौरान नागरिकों से 33 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी एकत्र की जाएगी।

इन बिंदुओं में भवन नंबर, जनगणना मकान नंबर, मकान की दीवार, छत और फर्श में प्रयुक्त सामग्री, तथा मकान के उपयोग और स्थिति से संबंधित जानकारी शामिल है। इसके अतिरिक्त, परिवार में रहने वाले सदस्यों की संख्या, परिवार के मुखिया का नाम, लिंग और सामाजिक वर्ग (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या अन्य) का विवरण भी दर्ज किया जाएगा। पेयजल का मुख्य स्रोत, प्रकाश का स्रोत, शौचालय की उपलब्धता और उसका प्रकार, गंदे पानी की निकासी, घर में स्नानघर, एलपीजी/पीएनजी कनेक्शन, टेलीविजन, रेडियो, इंटरनेट सुविधा, कंप्यूटर और मोबाइल स्मार्टफोन जैसी सुविधाओं की जानकारी भी ली जाएगी। परिवार के पास साइकिल, स्कूटर, मोटरसाइकिल, मोपेड, कार, जीप या वैन जैसे वाहनों की जानकारी भी शामिल है। साथ ही, परिवार द्वारा उपयोग किए जाने वाले मुख्य खाद्यान्न, विवाहित दंपत्तियों की संख्या, परिवार के मुखिया का व्यवसाय और मकान के स्वामित्व की स्थिति से जुड़ी जानकारी भी जनगणना में दर्ज की जाएगी। राजपत्र में स्पष्ट किया गया है कि जनगणना अधिनियम 1948 के तहत एकत्र की गई सभी व्यक्तिगत जानकारियां पूरी तरह गोपनीय रहेंगी। इन जानकारियों का उपयोग किसी भी न्यायालय, जांच या अन्य प्रयोजन के लिए साक्ष्य के रूप में नहीं किया जा सकेगा।

**खबर संक्षेप**

## वसूली का लक्ष्य पूरा नहीं होने पर वेतन कटे

**देवास।** संपत्तिकर वसुली की टीम को प्रति सप्ताह दिए गए लक्ष्य के अनुरूप वसुली नही होने पर आयुक्त दलीप कुमार ने चेतावनी देते हुए प्रति सप्ताह के दिए लक्ष्य के अनुसार वसुली करने के निर्देश देते हुए वार्ड 13, 14, 19, 31 एवं 32 से लक्ष्य अनुरूप वसुली नही करने पर वसुलीकर्ताओं के 3 दिवस का वेतन आहरण नही करने के निर्देश उपायुक्त वित्त दिपक पटेल को दिए। आयुक्त ने बडे बकायादारों को सख्ती पत्र जारी करने के पश्चात भी राशि जमा नही करने पर कुर्की करने के निर्देश दिए।इसी प्रकार कचरा संग्रहण शुल्क को लेकर वसुलीकर्ताओं को प्रतिदिन का दिया वसुली लक्ष्य अनुसार वसुली नही होती है तो आयुक्त ने चेतावनी के साथ वसुलीकर्ताओं के वेतन आहरण नही करने हेतु कहा। लक्ष्य अनुसार वसुली करने पर आयुक्त ने की प्रशंसा।इसी प्रकार जलकर वसुली का लेकर आयुक्त ने लक्ष्य के अनुरूप वसुली करने वाले वसुलीकर्ताओं की प्रशंसा भी की। वहीं चालु वित्तीय वर्ष की राजस्व वसुली के लक्ष्य को पूरा करने में पूरी लगन से कार्य करने हेतु कहा।

### स्मार्ट मीटर पर सियासत: वार्ड-1 में महिलाओं का हंगामा, पार्षद प्रतिनिधि बोले पहले जनसंवाद हो उसके बाद लगाए जाएं मीटर

# बिना सूचना मीटर बदले जाने पर महिलाओं ने किया विरोध प्रदर्शन, बोलीं पुराने मीटर लगाओ

महिलाओं का कहना है कि स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली, बिलिंग प्रणाली और संभावित अतिरिक्त खर्च को लेकर उन्हें कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई।



हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

नगर के वार्ड क्रमांक-1 में स्मार्ट मीटर स्थापना को लेकर बुधवार को अचानक विरोध के स्वर तेज हो गए। करीब दो दर्जन महिलाएं एकजुट होकर सड़कों पर उतरीं और बिजली विभाग व मीटर लगाने वाली कंपनी की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए। महिलाओं का आरोप है कि बिना पूर्व सूचना और अनुमति के घरों में पुराने मीटर हटाकर स्मार्ट मीटर लगा दिए गए। विरोध इतना बढ़ा कि कई घरों में लगाए गए स्मार्ट मीटर हटवाकर पुनः पुराने मीटर लगवाए गए। घटना के बाद पूरे वार्ड में दिनभर चर्चा और राजनीतिक सरगर्मी का माहौल बना रहा।

महिलाओं का कहना है कि स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली, बिलिंग प्रणाली और संभावित अतिरिक्त खर्च को लेकर उन्हें कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई। "हमें यह तक नहीं बताया गया कि बिल किस आधार पर बनेगा और कितना बढ़ सकता है। बिना समझाए मीटर बदल देना ठीक नहीं है," महिलाओं ने सामूहिक रूप से कहा। उन्होंने आशंका जताई कि नई व्यवस्था से बिजली बिलों में बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे पहले से महंगाई की मार झेल रहे परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। विरोध के दौरान महिलाओं ने स्पष्ट किया कि उन्हें तकनीक या आधुनिकीकरण से आपत्ति नहीं है, बल्कि प्रक्रिया की पारदर्शिता और संवाद की कमी से नाराजगी है। उनका कहना था कि जब तक विभाग वार्ड में शिविर लगाकर लिखित रूप से पूरी जानकारी और आश्वासन नहीं देता, तब तक स्मार्ट मीटर नहीं लगने दिए जाएंगे। "हमें भरोसा चाहिए कि हमारा बिल अनावश्यक रूप से नहीं बढ़ेगा और किसी प्रकार की गड़बड़ी होने पर समाधान की व्यवस्था रहे," एक महिला ने कहा।

मामले की सूचना मिलते ही वार्ड क्रमांक-1 के पार्षद पति कैलाश धावरे मौके पर पहुंचे और वार्डवासियों के समर्थन में आवाज उठाई। उन्होंने कहा कि किसी भी योजना को लागू करने से पहले संबंधित क्षेत्र के नागरिकों को विश्वास में लेना जरूरी है। "बिना अनुमति और पूर्व सूचना के घरों में स्मार्ट मीटर लगाना उचित नहीं है। जब तक वार्डवासी संतुष्ट नहीं होंगे, मीटर नहीं लगाए जाने दिए जाएंगे," धावरे ने कहा। उन्होंने बिजली विभाग से वार्ड में खुला जनसंवाद शिविर आयोजित कर स्मार्ट मीटर की प्रक्रिया, बिलिंग सिस्टम और लाभ-हानि की सार्वजनिक जानकारी देने की मांग की।

इधर, सीहोर जिले में स्मार्ट मीटर लगाने का टेंडर संभाल रही कंपनी के संपर्क अधिकारी रोहित वर्मा ने दूरभाष पर कैलाश धावरे से चर्चा की। वर्मा ने बताया कि नगर में करीब चार हजार स्मार्ट मीटर पहले ही लगाए जा चुके हैं और यह प्रक्रिया सभी वार्डों में चरणबद्ध रूप से जारी है। उन्होंने आश्वस्त किया कि संबंधित घरों की आपत्तियों का सम्मान किया जाएगा। इस पर धावरे ने कहा मैं अपने वार्ड के हर परिवार के साथ खड़ा हूं। यदि इस योजना के संबंध में कोई न्यायालयीन आदेश या अनिवार्यता है तो उसे सार्वजनिक किया जाए। पारदर्शिता रहेगी तो पूरा वार्ड सहयोग करेगा।

## शाला विकास की बड़ी पहल: सर्वसम्मति से पारित हुई व्यापक योजना



हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

नगर परिषद भैरूंदा के वार्ड क्रमांक-5 स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में मंगलवार को शाला प्रबंधन समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक समिति अध्यक्ष रुकसाना बी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें विद्यालय के सर्वांगीण विकास को लेकर विस्तृत शाला विकास निर्माण योजना पर गहन चर्चा की गई। समिति ने योजना को सर्वसम्मति से अनुमोदित करते हुए स्थानीय प्राधिकार को प्रेषित करने का निर्णय लिया। स्वीकृत योजना के तहत शाला परिसर के समतलीकरण एवं सौंदर्यीकरण का कार्य किया जाएगा, जिससे विद्यालय का वातावरण अधिक आकर्षक और सुव्यवस्थित बन सके। मध्यान्ह भोजन कक्षा (किचन शेड) में वाशिंग एरिया की मरम्मत तथा मध्यान्ह भोजन के लिए अतिरिक्त शेड निर्माण के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है। विद्यार्थियों को बेहतर अधोसंरचना उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नए प्राथमिक भवन (कक्षा कक्ष) के निर्माण का निर्णय लिया गया। साथ ही शाला गेट से कक्षा कक्ष तक सीसी रोड निर्माण कर आवागमन को सुगम बनाया जाएगा। समिति ने शाला के लिए अतिरिक्त भूमि आवंटन सुनिश्चित करने, भवन एवं परिसर की पुताई कराने तथा कक्षाओं में प्रिंट रिच व टीएलएम आधारित शैक्षणिक पेंटिंग कार्य कराने का भी प्रस्ताव पारित किया। सुरक्षा के मद्देनज़र शाला की बाउंड्री वॉल पर स्पाइरल तार फेंसिंग लगाने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास को ध्यान में रखते हुए खेल सामग्री, झूले, स्पोर्ट्स मैट व शीट आदि की व्यवस्था भी की जाएगी। बैठक में समिति सदस्यों ने कहा कि प्रस्तावित कार्यों के पूर्ण होने से विद्यालय का वातावरण सुरक्षित, आकर्षक एवं शिक्षण-अनुकूल बनेगा, जिससे बच्चों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं मिलेंगी और शाला की शैक्षणिक गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होगा।

## 3 लाख के स्वागत गेट का भूमिपूजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

क्षेत्र के लाड़कुई मंडल अंतर्गत ग्राम गुलरपुरा में बुधवार को तीन लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले स्वागत द्वार का भूमिपूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में लाड़कुई मंडल अध्यक्ष पवन मीणा ने विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया।

मंडल अध्यक्ष पवन ने बताया कि क्षेत्रीय विधायक रमाकांत भार्गव द्वारा विधायक निधि से उक्त स्वागत द्वार की स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वागत द्वार के निर्माण से ग्राम की पहचान सुदृढ़ होगी तथा मुख्य मार्ग से गुजरने वाले लोगों के लिए यह आकर्षण का केंद्र बनेगा।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत गुलरपुरा के सरपंच प्रतिनिधि सहित शंकरलाल, जगदीश पटेल, रामचंद्र डोवल, श्यामलाल मीणा, धूमसिंह मीणा, सुभाष शर्मा, राजेश मीणा, ओमप्रकाश मीणा, खुमानसिंह यादव, जगदीश भगवान मीणा, रितेश ठाकुर, नरेंद्र, हरिओम, सुरेश एवं अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## समाज की एकता विवाह सम्मेलन की सफलता: समाजसेवी अखिलेश राय



**सीहोर।** स्थानीय अल्लाहदाखेड़ी स्टेडियम में कलचुरी समाज के 13 वें निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन में 23 जोड़ों ने सात फेरे लिए। सम्मेलन में जिले प्रदेश के अलावा अन्य राज्य के भी जोड़े सम्मिलित हुए। समाज के स्वजातीय बंधुओं के बीच 23 जोड़ों ने जन्म-जन्म तक साथ रहने की खाई कसम। सम्मेलन विधि विधान से नगर पुरोहित पंडित पृथ्वी बल्लभ दुबे एवं साथी ब्राह्मणों द्वारा संपन्न कराया गया।

समिति अध्यक्ष प्रदीप बिजोरिया ने सभी अतिथियों का स्वागत बेज लगाकर एवं पुष्पमाला पहनाकर समिति सदस्यों के साथ किया। सर्वप्रथम भगवान राजराजेश्वर सहस्त्रबाहु के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। स्वागत गीत नितेश जायसवाल ने प्रस्तुत किया एवं स्वागत भाषण ओमप्रकाश राय कल्लू ने प्रस्तुत किया। समिति द्वारा 13 वें निशुल्क विवाह सम्मेलन के विषय पर जानकारी कोषाध्यक्ष परमानंद राय द्वारा दी गई एवं सम्मेलन निर्विरोध स्वजातीय बंधुओं के सहयोग से होता आ रहा है।इस विषय पर अपनी बात अध्यक्ष प्रदीप बिजोरिया ने राखी सुदेश राय विधायक ने कहा कि सभी जाति सभी समाज के द्वारा निशुल्क विवाह सम्मेलन होना चाहिए।वहीं वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय ने कहा कि समाज की एक जुटता किसी भी पुनीत कार्य को सफलता प्रदान करा सकती है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विजेंद्र जायसवाल ने किया। इस अवसर पर श्रीमती बिंदु राय बैतूल से पधारी उन्होंने भी समाज के आयोजन को बहुत ही गरिमापूर्ण बताया।साथ ही वरिष्ठ जन, पार्षद गण एवं पत्रकार साथियों का सम्मान भी किया गया।जिसमें आत्मा राम जायसवाल नरसिंहगढ़, प्रेम नारायण जायसवाल आष्टा, तुलसी राम काका, प्रदीप गौतम, मुकेश मेवाड़ा, नरेंद्र राजपूत, राहुल राय, कमल राय, प्रेम राय, रजनी राय आदि सम्मलित रहे।

## नव उल्लास साक्षरता कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजित



**इछावर।** राज्य शिक्षा केंद्र एवं जिला कलेक्टर बाला गुरु के तथा मुख्य कार्यपालन - अधिकारी जिला पंचायत सृजना यादव के निर्देशानुसार एवं परियोजना समन्वयक आर. आर.उइके के नेतृत्व में इछावर ब्लॉक में बुधवार को दीवडिया, इछावर एवं वीरपुरडेम संकुल केंद्र में नव उल्लास - साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में स्कूल प्रभारी, अक्षर साथी तथा आजीविका मिशन से एसआरएलएम प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। बैठक का संचालन जिला साक्षरता समन्वयक लखन माहेश्वरी एवं बीआरसी सुभाष चंद्र दुबे ने किया । प्रशिक्षण में ब्लॉक समन्वयक नरेंद्र सोलंकी संकुल समन्वयक राकेश वर्मा दीवड़ियां, वीरपुरडेम मे चन्दर सिंह ठाकुर एवं संकुल इच्छावर मे अतुल सेन एवं चुन्नीलाल परमार एवं प्राचार्य गणेश प्रसाद शर्मा, मास्टर ट्रेनर इंदर सिंह ठाकुर, जन शिक्षक चंद्र सिंह ठाकुर एवं देवेंद्र पटेल उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित साथियों को नव साक्षरता पंजीयन की प्रक्रिया, ग्राम सर्वे किस प्रकार किया जाना है, इसकी विस्तृत जानकारी दी गई तथा कार्यक्रम के उद्देश्यों को विस्तारपूर्वक समझाया गया। विकासखंड स्त्रोत समन्वयक श्री सोलंकी ने बताया कि साक्षरता अभियान के अंतर्गत प्रत्येक रिक्षर को नव साक्षर बनाना लक्ष्य है, जिससे विकसित राष्ट्र की परिकल्पना को साकार किया जा सके। उन्होंने भारत सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने हेतु आवश्यक सुझाव दिए तथा साक्षरता अभियान को सफल बनाने के लिए सभी को प्रेरित किया। प्रशिक्षण में यह भी कहा गया कि साक्षरता के माध्यम से देश को गौरवपूर्ण विकासशील राष्ट्र की श्रेणी में सम्मिलित किया जा सकता है और इसके लिए सभी की सक्रिय सहभागिता आवश्यक है।

## विद्यालय में विदाई समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ



**भैरुंदा।** शासकीय माध्यमिक विद्यालय हाथीघाट में कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन उत्साह और भावनात्मक माहौल के बीच सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच चैन सिंह धुर्वे, रूप सिंह मीणा, उपसरपंच रामस्वरूप कुशवाह तथा रामकृष्ण कुशवाह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने गीत, कविता और नृत्य के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय परिवार की ओर से कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह एवं विदाई उपहार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राजेंद्र मुकाती ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य राजकुमारी मीणा, शिक्षिका राज़ती पवार , शिक्षक जीवन पवार, नालेश पवार सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

मुख्य अतिथियों ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए जीवन में अनुशासन, परिश्रम और संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डाला। अंत में आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## पीएमश्री स्वामी विवेकानंद हाई स्कूल मंडी में बड़ी संख्या में आये अक्षर साथी

### अक्षर साथियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**सीहोर।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत संचालित नगर के पीएमश्री स्वामी विवेकानंद हाई स्कूल मंडी में अक्षर साथियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। यह प्रशिक्षण जिला कलेक्टर बालागुरु के., जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी सर्जना यादव (आईएएस) के निर्देशन में एवं जिला परियोजना समन्वयक आरआर उइके के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में बड़ी संख्या में अक्षर साथियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। जिला सह समन्वयक लखन लाल माहेश्वरी की उपस्थिति में ब्लॉक सह समन्वयक गेंदराज विश्वकर्मा, संकुल प्राचार्या डॉ. हेमलता राठौर, संकुल सह समन्वयक शशिकला पाण्डेय, जन शिक्षक मीनाली साहू, सुमन सिंह मास्टर ट्रेनर, अमिता कसोटिया, सरला चौहान, सोनू जैन के द्वारा अक्षर साथियों को प्रशिक्षण दिया गया। सभी अधिकारियों ने इस प्रशिक्षण की सराहना की। ब्लाक समन्वयक गेंदराज विश्वकर्मा ने कहा कि किसी भी प्रकार के अभ्यास और प्रशिक्षण से व्यक्ति में दक्षता का विकास होता है और आत्मविश्वास से वृद्धि होती है। संकुल प्राचार्या डॉ. हेमलता राठौर ने कहा कि अक्षर साथियों के प्रशिक्षण से उनमें आगे बढ़ने और बेहतर करने की क्षमता विकसित होगी। जिला सह समन्वयक लखनलाल माहेश्वरी ने विस्तार से इस अभियान के बारे में जानकारी दी। अंत में सभी का आभार संकुल सह समन्वयक शशिकला पाण्डेय ने व्यक्त किया।

### एनसीसी कैडेट्स ने सीखे आपदा प्रबंधन के व्यावहारिक तरीके

# कैडेट्स को आपदा की स्थिति में त्वरित, सुरक्षित प्रभावी प्रतिक्रिया देने के लिए तैयार किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस चंद्रशेखर आज़ाद शासकीय अग्रणी महाविद्यालय में कार्यालय कलेक्टरेट से प्राप्त आदेश के परिपालन में आपदा प्रबंधन पर एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. शीलचंद्र गुप्ता के संरक्षण तथा एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉ. कमलेश अहिरवार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में 11वीं बटालियन एनडीआरएफ वाराणसी की टीम द्वारा एनसीसी कैडेट्स को आपदा प्रबंधन के दौरान स्वयं की सुरक्षा एवं दूसरों की सहायता करने के प्रभावी तरीकों की विस्तृत एवं ज्ञानवर्धक जानकारी प्रदान की गई। एनडीआरएफ टीम से उपस्थित इंस्पेक्टर निलेश दीवानिया एवं उनकी टीम ने भूकंप आग तथा अन्य प्राकृतिक व मानवीय आपदाओं से बचाव के उपायों पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण के दौरान कैडेट्स को फायर फाइटिंग ड्रिल सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) तथा प्री-हॉस्पिटल ट्रीटमेंट जैसी महत्वपूर्ण तकनीकों की व्यावहारिक जानकारी दी गई। इन प्रशिक्षण सत्रों के माध्यम से कैडेट्स को आपदा की स्थिति में त्वरित, सुरक्षित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया देने के लिए तैयार किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में लगभग 60 एनसीसी कैडेट्स की सक्रिय एवं सराहनीय सहभागिता रही। यह प्रशिक्षण कैडेट्स के लिए न केवल उपयोगी सिद्ध हुआ बल्कि उनमें आपदा के समय सेवा साहस और नेतृत्व की भावना को भी सुदृढ़ करने वाला रहा।

## दक्ष प्रजापति आर्मी की बैठक संपन्न मोर सिंह जिला अध्यक्ष नियुक्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

दक्ष प्रजापति आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष आर.एन. प्रजापति के मुख्य अतिथि में जिला सीहोर में प्रजापति समाज की संगोष्ठी बैठक का आयोजन रमेश प्रजापति की अध्यक्षता में की गई।

बैठक में समाज के वरिष्ठजन एवं सभी कर्मठ कार्यकर्ता की सहमति से जिला सीहोर में प्रजापति समाज के उत्थान के लिए मोरसिंह प्रजापति को जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्त कर समाज हित के लिए शपथ दिलवाकर पद भार दिया गया। इस संगोष्ठी में मोहनलाल प्रजापति, प्रदेश प्रभारी दक्ष प्रजापति आर्मी, विमल, महेश, मुकेश, जितेंद्र, रविराज, राकेश , अजय एवं अन्य सामाजिक बंधुगण उपस्थित रहे।

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील इछावर जिला - सीहोर**

प्रकरण क्रमांक 0007/31-20(3)/2025-26
इछावर दिनांक 28/01/2026

:: इश्तेहार::

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर परिषद इछावर द्वारा ग्राम कस्बा इछावर स्थित भूमि खसरा कं. 644/1 रकबा 0.190 हे० भूमि पर गीता भवन निर्माण किए जाने हेतु उक्त भूमि आवंटित की जानी है। जिसके संबंध में प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त भूमि के आबंटन के संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई आपत्ति / आक्षेप हो तो वह प्रकरण दिनांक 25.02.2026 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। उपर वर्णित स्थान अथवा निश्चित दिनांक तक आपत्ति एवं आवेदन पत्र पेश नहीं करने की दशा में किसी भी आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 28.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया ।

तहसीलदार
तहसील इछावर

पेयजल स्त्रोत की जांच के बाद हकीकत आई सामने, नप ने लगाए सूचना बोर्ड

# कुरावर में जल संकट ! 6 जल स्त्रोतों का पानी पीने योग्य नहीं






हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-कुरावर

विगत महीने इंदौर में दूषित पानी पीने से बीमार हुए लोगों की मौत की घटना के बाद से प्रदेश भर में पेयजल स्त्रोत की जांच की गई। इसी के चलते कुरावर नगर में स्थित विभिन्न जलस्त्रोत की कार्यालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी नरसिंहगढ़ के निर्देश पर नगर परिषद कुरावर द्वारा निकाय क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में स्थित शासकीय कुओं और निजी कुड़ियों के जल के नमूने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी पीएचई विभाग द्वारा जांचे गए। जांच रिपोर्ट में नगर के 6 जलस्त्रोत का पानी पीने योग्य नहीं पाया गया है। नगर में करीब 30 हजार की आबादी है तथा नगर में 15 वार्डों के निवासी पेयजल के लिए निजी जलस्त्रोत का उपयोग वर्षों से करते चले आ रहे हैं।

### इन वार्डों का पानी नहीं है पीने योग्य

विगत दिनों हुई जांच में नगर परिषद के अंतर्गत आने वाले कई जल स्त्रोतों का पानी दूषित पाया गया है, जो कि पीने योग्य नहीं है। इनमें वार्ड क्रमांक 01 राम मंदिर के पास शासकीय कुएं का पानी, वार्ड क्रमांक 11 आरामशीन के पास शासकीय कुएं का पानी, वार्ड क्रमांक 12 हाट बाजार के पास शासकीय कुएं का पानी, वार्ड क्रमांक 13 शासकीय पार्क स्थित ट्यूबवेल का पानी, वार्ड क्रमांक 10 संतोष वाल्मीकि की कुंडी का पानी, वार्ड क्रमांक 07 सुनील सक्सेना की कुंडी का पानी आदि दूषित पाया गया है।

### अपील - न पिएं जल स्त्रोतों का पानी

नगर परिषद सीएमओ लीलाधर सेन ने बताया कि आदेश अनुसार हमने सभी स्थानों पर बोर्ड लगा दिया गया है और स्वच्छ बनाने के लिए सभी तरह के उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल स्त्रोतों को स्वच्छ बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। नगरवासियों से अपील की है कि वे इन जल स्त्रोतों का पानी पीने से बचें और स्वच्छ पेयजल के लिए अन्य विकल्पों का उपयोग करें।

### करोड़ों की जलावर्धन योजना भी फेल

2017 से म.प्र सरकार के एम.पी.यू.डी.सी द्वारा स्वीकृत करोड़ो रूपए की जल आवर्धन योजना के अंतर्गत रियान वाटर टैंक प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से कुरावर नगर के 15 ही वार्डों में पाइप लाइन डालकर नल कनेक्शन के माध्यम से हर घर नलों से शुद्ध जल देना था परंतु 8 साल बीत गए यह भी फिसड्डी ही साबित हुई। सरकार द्वारा करोडों खर्च करने के बाद भी नगरवासी पानी के लिए परेशान ही दिखाई दे रहे हैं।

प्रशासन की लापरवाही उजागर

# दो साल से बिना लाइसेंस चल रहा स्लॉटर हाउस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

प्रदेश की राजधानी भोपाल में हाल ही में बड़े स्तर पर गो मांस जब्ती की कार्रवाई के बाद भी स्थानीय प्रशासन की उदासीनता सामने आ रही है। सारंगपुर नगर में संचालित स्लॉटर हाउस बिना किसी वैध लाइसेंस के खुलेआम पशु वध का कार्य कर रहे हैं, वो भी विगत दो वर्षों से लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर मामले से पूरी तरह बेफिक्र नजर आ रहे हैं। जानकारी के अनुसार सारंगपुर में वर्तमान में दो स्लॉटर हाउस संचालित हैं, जिनमें नगर पालिका परिषद अथवा सक्षम विभाग से कोई वैध अनुमति या लाइसेंस नहीं लिया गया है। इसके बावजूद प्रतिदिन यहां पशुओं का वध किया जा रहा है। यह स्थिति न केवल शासन के नियमों का खुला उल्लंघन है, बल्कि जनस्वास्थ्य, पर्यावरण और कानून-व्यवस्था के लिए भी बड़ा खतरा बनती जा रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि स्लॉटर हाउस के आसपास गंदगी, दुर्गंध और अव्यवस्थित अपशिष्ट फैल रहा है। इससे क्षेत्र में बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। जिससे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। कई बार शिकायतों के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। सबसे गंभीर बात यह है कि जब पूरे प्रदेश में पशुओं के संरक्षण को लेकर सख्त निर्देश जारी हैं और भोपाल जैसे बड़े शहर में कार्रवाई हो रही है, तब सारंगपुर में बिना लाइसेंस पशु वध का संचालन प्रशासनिक उदासीनता को दर्शाता है। इससे असामाजिक तत्वों के हौसले भी बुलंद हो रहे हैं। गोभक्तों ने मांग की है कि बिना लाइसेंस संचालित स्लॉटर हाउस को तत्काल बंद किया जाए।

### इनका कहना है...

23 दुकानदारों को लाइसेंस के नोटिस जारी किए हैं। वरिष्ठ अधिकारी से मार्गदर्शन लेकर लाइसेंस जारी करेंगे।

**ज्योति सुनेरे सीएमओ सारंगपुर**

कांग्रेस का संगठन सृजन कार्यक्रम आयोजित

# आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

भैंसवा माता में सोमवार को कांग्रेस का संगठन सृजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधानसभा स्तरीय इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी भी शामिल हुए। प्रशिक्षण प्रभारी महेंद्र जोशी और संजय कामले ने आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया। पटवारी ने अपने संबोधन में बीजेपी नेताओं को कोसते हुए कहा की बीजेपी के पाखंड को कैसे तोड़े यह जनता को बताना है। इनको हिन्दू धर्म से कोई लेना देना नहीं है। हिन्दू धर्म से भी कोई लेना देना नहीं है। हिन्दू वोट चाहिए इनको इनका पाखंड याद दिलाते रहना है। हमें हिन्दू धर्म ने सिखाया वसूधेव कुटुंबकम की बात। इंसान से इंसान, मानवता पेड़ पौधे और प्रकृति से प्रेम इसकी हम सब मिलकर रक्षा करें। हम तो बीजेपी के साथियों से भी नफरत नहीं




करते हैं जो हमें रोज किसी न किसी तरह की यातना देते हैं। इनको मुसलमानों से नफरत, दलितों से नफरत, कांग्रेसियों से नफरत, इसीलिए वो ज्यादा हिन्दू बनते हैं, इनको असली हिन्दू नहीं बनना है। इधर मंदिर जाएंगे और उधर मुर्गे खाएंगे। कोई एक बीजेपी का नेता जो अभी हिन्दू सम्मेलन में आया था, एक लाकर बता दो जो हिन्दू सम्मेलन में गया और मुर्गा नहीं खाता हो सहित अन्य बाते कही।

वहीं कांग्रेसनेत्री रचना भार्गव ने सम्बोधित करते हुए कहा की भाजपा ने गायों के नाम पर वोट लिए लेकिन गाय दर-दर भटक रही है। भाजपा ने सिर्फ रिश्वत लेने का काम किया है। एक वो पार्टी है जो झूठ बोलती है और दूसरी और कांग्रेस पार्टी जनहित और जनता के लिए काम करती है। जो काम कांग्रेस ने किए भाजपा उन पर लेवल लगाने का काम कर रही है। इस दौरान पूर्व ऊर्जा मंत्री एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियव्रत सिंह, पूर्व विधायक हजारीलाल मालवीय, कृष्णमोहन मालवीय, अजा नेता राधेश्याम सोमतिया, शहर कांग्रेस अध्यक्ष आबिद हुसैन लोदी मंडलम अध्यक्ष सहित सभी बूथ स्तरीय कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दीनदयाल रसोई संचालन को लेकर निविदा प्रक्रिया पर उठे सवाल, जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

दीनदयाल रसोई योजना के अंतर्गत सारंगपुर में रसोई केंद्र संचालन के लिए जारी की गई ऑनलाइन निविदा प्रक्रिया को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। इस संबंध में जय मां गौरी महिला स्वयं सहायता समूह, सांची जिला रायसेन द्वारा जिला शहरी विकास अभिकरण राजगढ़ एवं नगर पालिका परिषद


कार्यालय कलेक्टर (शहरी विकास) जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म0प्र0

सारंगपुर को आवेदन प्रस्तुत कर निविदा प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच की मांग की गई है। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि नगर पालिका परिषद सारंगपुर द्वारा दीनदयाल रसोई संचालन हेतु 19 नवंबर 2025 को ऑनलाइन टेंडर जारी किया गया था। आवेदनकर्ता संस्था ने बताया कि उन्होंने निर्धारित शर्तों के अनुसार निविदा प्रक्रिया में भाग लिया था और सभी आवश्यक दस्तावेज ऑनलाइन जमा किए थे। संस्था का दावा है कि उन्हें रसोई संचालन का लगभग 9 वर्षों का अनुभव है तथा अन्य जिलों में भी सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। संस्था ने आरोप लगाया है कि निविदा प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं बरती गई और गलत तरीके से अन्य संस्था का चयन कर लिया गया। आवेदन में दोनों संस्थाओं द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों और ऑनलाइन प्रमाण पत्रों की पुनः जांच कर सही संस्था का चयन करने की मांग की गई है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला शहरी विकास विभाग राजगढ़ द्वारा नगर पालिका परिषद सारंगपुर को पत्र जारी कर प्राप्त शिकायत के आधार पर आवश्यक जांच और कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। संबंधित विभाग द्वारा अब निविदा प्रक्रिया के दस्तावेजों का परीक्षण किए जाने की संभावना जताई जा रही है। इस पूरे मामले को लेकर नगर क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है और सभी की नजर अब प्रशासन की जांच और अंतिम निर्णय पर टिकी हुई है।

### इनका कहना है...

हां शिकायत प्राप्त हुई है, पुनः जांच की जा रही हैं। **-ज्योति सुनेरे सीएमओ सारंगपुर**

# बाइक चोर गिरफ्तार, चोरी हुई मोटर साइकिल की गई बरामद

**आरोन थाना पुलिस आरोपी से पूछताछ करने में जुटी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

आरोन थाना पुलिस द्वारा मोटर सायकिल चोरी के मामले में सक्रियता से कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गई मोटर सायकिल बरामद करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है। उल्लेखनीय है कि दिनांक 19 सितंबर 2025 को फरियादी नरेश पुत्र लालाराम अहिरवार उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम देहरीकला, थाना आरोन द्वारा अपनी बजाज प्लेटिना मोटर सायकिल क्रमांक MP08 ZA 6693 के अपने गांव देहरीकला से चोरी होने की रिपोर्ट आरोन थाने पर दर्ज कराई गई थी। जिस पर से पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। आरोन पुलिस द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए अज्ञात आरोपी पहचान हेतु अपना मुखबिर तंत्र सक्रिय किया तथा तकनीकी संसाधनों का विश्लेषण कर अज्ञात आरोपी की तलाश व पतारसी के सघन प्रयास किये गए। आरोन थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी हल्के पुत्र मोजीलाल अहिरवार उम्र 31 साल निवासी ग्राम देहरीकला थाना आरोन हाल शारा कॉलोनी आरोन जिला गुना को गिरफ्तार कर लिया एवं जिसके कब्जे से चोरी हुई मोटर साइकिल बरामद की।



# स्मैक के तस्कर को पुलिस ने दबोचा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

राजगढ़ कोतवाली पुलिस द्वारा बाहरी तस्कर को स्मैक सप्लाई करने जा रहे आरोपी को योजनाबद्ध तरीके से पकड़ा गया। सूचना मिली कि संकट मोचन निवासी मेहरबान तंवर नाम का व्यक्ति अपनी मोटरसाइकल के टंकी के कवर में अवैध मादक पदार्थ हेरोइन को लेकर किसी बाहरी तस्कर को देने जा रहा है। इस पर राजगढ़ पुलिस ने अपनी टीम को एक्टिव करते हुए जो समय पर नहीं पहुंचने पर बाहर निकल त्वरित कार्यवाही की गई जिससे आरोपी तस्कर को समय रहते पकड़ लिया गया। पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई की वीडियोग्राफी कराई गई तथा जप्त मशरूका को विधिवत सीलबंद कर मालखाने में सुरक्षित रखा गया। प्रकरण में अपराध क्रमांक 77/26 धारा 8,21 एनडीपीएस एक्ट 1985 का पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है। आरोपी की विधिवत गिरफ्तारी कर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस ने स्मैक 9.38 ग्राम वजनी कीमती 80 हजार व डीलक्स मोटरसाइकिल कीमती 80 हजार को जब्त किया है।

# जनसुनवाई में आवेदकों ने विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए

**गुना।** शासन के निर्देशानुसार मंगलवार को कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने आमजन की समस्याएं सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिए। न आवेदकों ने जनसुनवाई में सीमांकन, बिजली, पेंशन, नगरपालिका, स्वास्थ्य और नामांतरण के आवेदन प्रस्तुत किए जिनके निराकरण के निर्देश दिये गये। कलेक्टर द्वारा अधिक से अधिक लोगों को आधार एवं स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त हो इसके लिए विशेष प्रबंध के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में जनसुनवाई में नागरिकों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा 70+ आयुष्मान कार्ड, नेत्र परीक्षण, एचआईवी की जांच सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध करायी गई, जिनका बड़ी संख्या में आवेदकों ने लाभ लिया। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक दुबे, डिप्टी कलेक्टर महिमा चौधरी सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित थे। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर ने विभिन्न आर्थिक सहायता प्रकरणों में आवेदकों को सहायता राशि के चेक प्रदान किए गए। जनसुनवाई में तहसील चांचौड़ा निवासी मुकेश पुत्र नन्नूलाल लोधा, तहसील राघौगढ़ निवासी अनुसुईया पत्नी स्व. पुखराज लोधा, ग्राम ढोलबाज निवासी राम प्रसाद अहिरवार तथा ग्राम मावन निवासी चरण सिंह पुत्र गंगाराम अहिरवार द्वारा आर्थिक सहायता की मांग की गई थी।

10वीं में 20 हजार 19 तो 12वीं में 14 हजार 847 छात्र-छात्राएं देंगे परीक्षा

# बोर्ड परीक्षाएं शुरू, जिले के 34 हजार 866 परीक्षार्थी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

राजगढ़ जिले में माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल की बोर्ड परीक्षाएं मंगलवार से शुरू हो गईं। जिसमें 12वीं के जिले के 63 परीक्षा केंद्रों पर कुल 14,847 परीक्षार्थी शामिल हुए। शिक्षा विभाग के अनुसार, जिले में कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में नियमित और स्वाध्यायी मिलाकर कुल 34,866 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। इनमें कक्षा 10वीं के 20,019 और कक्षा 12वीं के 14,847 विद्यार्थी हैं। परीक्षा अवधि के दौरान ब्लॉक और जिला स्तर पर गठित उड़नदस्ते लगातार निगरानी कर रहे हैं। परीक्षा को नकलमुक्त और अनुशासित बनाए रखने के लिए इस बार सख्त व्यवस्थाएं की गई थीं। परीक्षा शुरू होने से पहले सभी परीक्षा केंद्रों पर ड्यूटी में लगे शिक्षक-शिक्षिकाओं के मोबाइल फोन लॉकर में बंद कराए गए। इससे परीक्षा कक्षों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या बाहरी संपर्क की संभावना समाप्त हो गई।




भारतीय ज्ञान परंपरा के विविध आयामों पर हुआ विमर्श

# शासकीय महाविद्यालय नरसिंहगढ़ में राष्ट्रीय सेमिनार का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नरसिंहगढ़ में मंगलवार को दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार भारतीय ज्ञान परंपरा रू विज्ञान, संस्कृति एवं दर्शन का समन्वय का शुभारंभ हुआ। सेमिनार का उद्घाटन विधायक मोहन शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में किया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व कुलपति, राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान दिल्ली डॉ. राधावल्लभ त्रिपाठी ने की। उद्घाटन सत्र में बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल के कुलगुरु डॉ. एस. के. जैन तथा अनुविभागीय अधिकारी एवं जनभागीदारी समिति अध्यक्ष सुशील कुमार विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का




शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत से किया गया। मुख्य अतिथि मोहन शर्मा ने भारतीय संस्कृति और दर्शन को राष्ट्र की चेतना बताते हुए युवाओं को इससे जुड़ने का आह्वान किया।

कुलगुरु डॉ. एस. के. जैन ने भारतीय ज्ञान परंपरा में विज्ञान, संस्कृति और दर्शन के समन्वय पर प्रकाश डाला। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. राधावल्लभ त्रिपाठी ने वैदिक काल में भारत के महान दार्शनिक चिंतन को वर्तमान संदर्भ में प्रासंगिक बताया। शैक्षणिक सत्र में डॉ. रमाकांत भारद्वार (एमिटी यूनिवर्सिटी, कोलकाता) ने वैदिक गणित तथा डॉ. देवीदास कल्लापा बामणे संघर्ष (महाराष्ट्र) ने भारतीय ज्ञान परंपरा एवं हिंदी के महत्व पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। तकनीकी सत्र में हरीश मिश्रा, डॉ. फारूक पठान, कु. खुशी गुप्ता सहित शोधार्थियों व विद्यार्थियों ने शोध पत्रों का वाचन किया।

अध्यक्ष प्रतिनिधि ने जल स्त्रोतों का किया प्रशासनिक निरीक्षण

# नगर की जल आपूर्ति सुदृढ़ करने नगरपालिका ने कसी कमर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

वर्षों से चली आ रही नगर की पेयजल समस्या के समय रहते समाधान करने की दिशा में नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह द्वारा सकारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। हर साल की तरह इस वर्ष ग्रीष्मकाल में नगरवासियों को निर्बाध, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर के प्रमुख जल स्त्रोतों का प्रशासनिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के अंतर्गत कुसलपुरा स्थित फिल्टर प्लांट एवं इंटकवेल, जहां से नगर में जलापूर्ति की जाती है, की तकनीकी एवं परिचालन व्यवस्थाओं का सूक्ष्म अवलोकन किया गया। साथ ही घोड़ा पछाड़ नदी से जल लाने वाले जलालपुरा स्थित फिल्टर प्लांट की जल संग्रहण क्षमता, शुद्धिकरण प्रक्रिया एवं वितरण प्रणाली की भी गहन समीक्षा की गई। इस दौरान अध्यक्ष प्रतिनिधि कुशवाह ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि ग्रीष्मकाल के दौरान किसी भी स्थिति में नगर की पेयजल व्यवस्था बाधित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध रख-रखाव, आवश्यक मरम्मत कार्य, अतिरिक्त संसाधनों की व्यवस्था तथा सतत निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नगरवासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना नगरपालिका की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इस दिशा में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण के अवसर पर इंजीनियर राहुल गुप्ता, जल विभाग के शाखा प्रभारी रमेश यादव एवं पार्षद गोपाल जाटव उपस्थित रहे।

### गर्मियों में पेयजल सप्लाय स्थिती हो जाती है भयावह

ब्यावरा का वर्षों का इतिहास बताता है कि गलत प्रबंधन के चलते गर्मियों में नगर की स्थिती इतनी बिगड जाती है कि 7 दिन में एक बार पानी की सप्लाई हाती है इस स्थिती में नगरवासी रहने को मजबूर रहते है। करोडों की योजनाओं के बाद भी पानी की समस्या जस के तस बनी हुई है। अब देखना यह है किइस साल अध्यक्ष प्रतिनिधि कुशवाह के प्रयास क्या रंग लाते है।

## खबर संक्षेप

### पैरालीगल वॉलंटियर्स पैनल का पुनर्गठन

**सीहोर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीहोर द्वारा आमजन को विधिक सेवा योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पैरालीगल वॉलंटियर्स (PLV) के पैनल का पुनर्गठन किया जा रहा है। इस संबंध में एक वर्ष की अवधि हेतु पैनल गठन के लिए इच्छुक आवेदकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 23 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है। प्राधिकरण द्वारा ग्रामों, जनपद पंचायतों एवं अन्य स्थानों पर स्थापित किए जाने वाले लीगल एड क्लीनिक, पुलिस थानों तथा समाज के कमजोर, पिछड़े एवं पीड़ित वर्गों को विधिक सहायता एवं परामर्श उपलब्ध कराने के कार्य में पैरालीगल वॉलंटियर्स की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। इसके अतिरिक्त गुमशुदा बच्चों की सहायता, नालसा एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर की कार्ययोजना, दिशा-निर्देशों, विशेष अभियानों एवं अन्य निर्दिष्ट कार्यों के क्रियान्वयन में भी वालेंटियर्स सहयोग प्रदान करेंगे। इच्छुक आवेदक अपने आवेदन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीहोर अथवा संबंधित तहसील विधिक सेवा समिति—आष्टा, भैरूंदा, बुदनी एवं इछावर—में अंतिम तिथि से पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। पैनल गठन में योग्य महिला आवेदकों को प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के योग्य आवेदकों को भी समुचित प्रतिनिधित्व प्रदान किया जाएगा।

### आयुष्मान विभाग ने जिला स्वास्थ विभाग को स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच के सख्त निर्देश दिए

# आयुष्मान योजना इनसेंटिव घोटाले में हुए जांच के आदेश शिकायतकर्ता सेवानिवृत डॉक्टर का नाम भी आया सामने

### आयुष्मान भारत विभाग के महाप्रबंधक ने लिखा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




सिविल अस्पताल में डॉक्टरों और स्टाफ नर्सों को मिलने वाले आयुष्मान योजना के ईइंसेंटिव में हुए 46 लाख रुपए से अधिक के घोटाले की आग अब मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल तक पहुंच गई है लिहाजा केंद्र से जुड़ी इस योजना में इतने बड़े स्तर पर हुए भ्रष्टाचार की जांच के आदेश आ गए हैं और अब इस जांच टीम के आष्टा के सिविल अस्पताल में दस्तक देने का इंतजार हो रहा है गौरतलब है कि सिविल अस्पताल आष्टा में डॉक्टरों और स्टाफ नर्सों सहित अन्य स्टाफ कर्मियों को मिलने वाले आयुष्मान योजना की प्रोत्साहन राशि (इनसेंटिव ) में 46 लाख से अधिक का घोटाला किया गया है और सूत्रों मिली जानकारी अनुसार सिविल अस्पताल में पदस्त स्टोर इंचार्ज प्रमोद परमार ने आयुष्मान मित्र जगदीश मेवाड़ा के साथ मिलकर अस्पताल के तत्कालीन लेखापाल एमएल वर्मा ने इंसेंटिव के असल हकदार डॉक्टरों और स्टाफ नर्सों के बैंक खातों की बजाय अपने रिश्तेदारों के बैंक खातों में ट्रांसफर कर डाले है और यह मामला वर्ष 2017-18 से लेकर वर्ष 2023 तक है ऐसे में यह घोटाला सेवा निवृत शिशुरोग विशेषज्ञ डॉक्टर एके जैन की लिखित शिकायत के बाद उजागर हुआ है ऐसे में अब जिले के स्वास्थ विभाग में हड़कंप मचा हुआ है वहीं आयुष्मान भारत नीरामयम विभाग के महाप्रबंधक जारी पत्र से पूरे मामले एक और खुलासा हुआ है जिसमे शिकायत कर्ता सेवा निवृत शिशुरोग विशेषज्ञ डॉक्टर एके जैन पर भी अनियमितता का उल्लेख किया गया है जिससे इस पूरे घोटाले की जड़ कई वरिष्ठ डॉक्टरों से जुड़ी हुई नजर आ रही है लिहाजा धीरे धीरे यह स्पष्ट है कि इस मामले प्रमोद परमार और जगदीश मेवाड़ा तो एक मोहरा मात्र नजर आते हैं लिहाजा इन दोनों के पीछे बड़ी मछलियों के शामिल होने की पूरी संभावना है यदि आयुष्मान भारत नीरामयम विभाग ने निष्पक्ष और ईमानदारी से जांच की तो निश्चित ही बड़े बड़े लोगों के चेहरे बेनकाब होंगे।

### आयुष्मान भारत निरामयम विभाग ने सख्ती दिखाना शुरू कर दिया

सिविल अस्पताल आष्टा में आयुष्मान योजना की प्रोत्साहन राशि (इनसेंटिव) में हुए घोटाले पर आयुष्मान भारत निरामयम विभाग ने सख्ती दिखाना शुरू कर दिया है और आयुष्मान भारत नीरामयम विभाग के महाप्रबंधक डॉक्टर नरेंद्र भयडीया ने दिनांक 2 फरवरी को सीहोर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र जारी कर आयुष्मान निरामयम्‌ प्रोत्साहन योजना अंतर्गत अनियमितताओ की जांच समिति गठित कर कार्यवाही के आदेश दिए हैं। उपरोक्त पत्र में उल्लेख किया गया है कि सिविल अस्पताल, आष्टा में पदस्थ डॉ. ए.के. जैन सहित अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा आयुष्मान निरामयम्‌ प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत शासकीय राशि के भुगतान में गंभीर अनियमितताएँ की गई है, जिनमें पात्र लाभार्थियों/कर्मचारियों को भुगतान न कर, अन्य अपात्र व्यक्तियों के खातों में राशि स्थानांतरित किए जाने के आरोप प्रथम दृष्टया परिलक्षित होते हैं। उक्त कृत्य वित्तीय अनियमितता, शासकीय धन के दुरुपयोग, कर्तव्यहीनता एवं सेवा आचरण नियमों के उल्लंघन की श्रेणी में आता है, जो गंभीर प्रकृति का विषय है एवं जिसकी निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं तथ्यपरक जाँच अत्यावश्यक है।

### पत्र में सख्ती, जांच टीम ने भी लापरवाही की तो खैर नहीं

आयुष्मान भारत नीरामयम विभाग के महाप्रबंधक द्वारा जारी आदेश में बहुत सख्ती बरती है जारी आदेश में जहां पूरे मामले की निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच के आदेश जारी किए गए हैं वही पूरे प्रकरण की जांच करने वाली सक्षम अधिकारियों की टीम को भी लापरवाही बरतने पर कार्यवाही करने की सख्त चेतावनी दी गई है। आयुष्मान भारत नीरामयम विभाग के जारी आदेश के अनुसार 5 बिंदुओं पर जांच होना है जिनमें मुख्य बिंदु प्रकरण की विस्तृत जाँच हेतु तत्काल एक स्वतंत्र जाँच समिति का गठन करने सहित समिति में प्रशासनिक, वित्तीय एवं तकनीकी अधिकारी सम्मिलित किए जाएँ, ताकि जाँच निष्पक्ष हो वही अहम पहलू को ध्यान रखते हुए जाँच के दौरान संबंधित सभी अभिलेखों/रिकॉर्ड, भुगतान विवरण, बैंक खातों, लाभार्थी सूची, आदेश पत्रों एवं फाइल नोटिंग का परीक्षण को जब्त करने के निर्देश दिए हैं तो प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों के विरुद्ध म.प्र. सिविल सेवा वित्तीय सेवा नियमों के अंतर्गत उचित विभागीय एवं विधिक कार्रवाई प्रारंभ करने सहित जाँच पूर्ण कर तथ्यात्मक, स्पष्ट एवं संस्तुतियों सहित प्रतिवेदन को निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्रस्तुत करने के साफ साफ निर्देश दिए गए हैं।

**जांच टीम गठित कर दी है**

हमें जैसे ही पत्र प्राप्त हुआ है वैसे ही हमने जांच टीम गठित कर दी है और जांच टीम में सिविल सर्जन सहित 5 अन्य डॉक्टरों की टीम शामिल है। जिन्हें पूरे प्रकरण की जांच रिपोर्ट अतिशीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं जैसे ही जांच टीम जांच प्रतिवेदन सौंपेगी ही वैसे ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**सुधीर कुमार डहरिया,** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी

## कलश यात्रा के साथ आरंभ हुआ प्राण-प्रतिष्ठा समारोह



**सीहोर।** जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम शाहपुर कौड़यिा में भव्य कलश यात्रा के साथ पंच दिवसीय एक कुण्डीय शिव शक्ति यज्ञ एवं ऋणमुक्तेश्वर महादेव प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का श्रीगणेश किया गया। मंदिर के पुजारी पंडित धर्मेन्द्र व्यास ने बताया कि बुधवार से पांच दिवसीय महोत्सव आरंभ हो गया है। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के द्वारा उज्जैन पहुंचकर प्राचीन ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर ज्योत लेकर ग्राम पहुंचे। उन्होंने बताया कि महाकाल की नगरी उज्जैन में 84 महादेव मंदिरों का बड़ा महत्व है। श्रावण माह में महाकाल के दर्शन करने आने वाले भक्त 84 महादेव के दर्शन कर पुण्य प्राप्त करते हैं। इन 84 महादेव मंदिरों में एक श्री ऋणमुक्तेश्वर महादेव का मंदिर है, मान्यता है कि यहां होने वाली पीली पूजा करने से कई जन्मों के ऋण से मुक्ति मिल जाती है। अगर कोई धन का कर्ज नहीं चुका पा रहा हो या किसी की ज्योतिषियों ने जन्म कुंडली में पितृ ऋण या देवताओं का ऋण बताया हो, ऐसे में भगवान ऋणमुक्तेश्वर उन्हें सभी ऋणों से मुक्ति दिलाते हैं। हमारे क्षेत्र में भी उज्जैन की तर्ज पर ऋणमुक्तेश्वर महादेव की स्थापना की गई है। पांच दिवस तक यज्ञाचार्य पंडित राहुल पाठक के मार्गदर्शन में यज्ञ क्रिया का आयोजन किया जाएगा। गुरुवार को हवनारंभ किया जाएगा।

## शैक्षणिक भ्रमण कर विद्यार्थियों ने जाना तकनीकी शिक्षा का महत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



राजश्री आईटीआई और कंप्यूटर सेंटर का किया शैक्षणिक भ्रमण। विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ.साथ व्यावहारिक और तकनीकी कौशल से रूबरू कराने के उद्देश्य से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सामरदा के छात्र.छात्राओं ने एक विशेष व्यावसायिक भ्रमण किया।

इस दौरान विद्यार्थियों के दल ने राजश्री प्राइवेट आईटीआई और राजश्री कंप्यूटर सेंटर का दौरा कर आधुनिक तकनीकी उपकरणों और कार्यप्रणालियों की जानकारी प्राप्त की। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने आईटीआई के इलेक्ट्रिशियन ट्रेड का अवलोकन किया। संस्थान के प्रशिक्षकों ने छात्रों को मशीनों की कार्यप्रणालीए सुरक्षा उपकरणों के महत्व और भविष्य में तकनीकी शिक्षा के माध्यम से उपलब्ध स्वरोजगार के अवसरों के बारे में विस्तार से बताया। राजश्री कंप्यूटर सेंटर में विद्यार्थियों को डिजिटल साक्षरताए सॉफ्टवेयर संचालन और आधुनिक समय में कंप्यूटर ज्ञान की अनिवार्यता के बारे में जानकारी दी गई। छात्र.छात्राओं ने कंप्यूटर लैब में हार्डवेयर उपकरणों और इंटरनेट के सही उपयोग को लेकर गहरी उत्सुकता दिखाई।

शासन की मंशानुसार व्यावसायिक शिक्षा ;टवबंजपवदंस म्कनबंजपवदद्ध के तहत इस प्रकार के भ्रमण का आयोजन किया गया है। इससे विद्यार्थियों में केवल तकनीकी रुचि ही नहीं बढ़तीए बल्कि उन्हें अपना करियर चुनने में भी मदद मिलती है।

भ्रमण के दौरान मुख्य रूप से महाविद्यालय के संचालक श्री बीण्एसण परमारए प्रभारी प्राचार्य अर्जुन परमारए मीडिया प्रभारी मनोज कमलोदियाए सविता बैरागीए राहुल सेनए रामवती मेवाड़ाए प्रहलाद मेवाड़ाए पूजा मेवाड़ाए द्वारकाप्रसाद करमोदियाए पूजा परमारए पुष्पा मेवाड़ाए अखिलेश सक्सेनाए माया मेवाड़ाए ममता तिवारीए कविता भूतियाए रंजना परमारए मनोहर लालए विनोद मीणाए बहादुर सिंहए रवि मेवाड़ाए अरविंद यादवए रीना यादव एवं शिवराम परमार उपस्थित रहे।

## अंत्योदय के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर भाजपा मंडल जावर ने श्रद्धांजलि दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर




भारतीय जनता पार्टी मंडल जावर द्वारा एकात्म मानववाद के प्रणेता, अंत्योदय के मार्गदर्शक एवं भारतीय राजनीति के महान चिंतक श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई।

मंडल कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई तथा सामूहिक श्रद्धांजलि दी गई।इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने भारतीय राजनीति को सेवा, संगठन और राष्ट्रवाद की नई दिशा प्रदान की। उनका 'अंत्योदय' का विचार समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना आज केंद्र एवं राज्य सरकारों की नीतियों का मूल आधार है। भारतीय जनता पार्टी उन्हीं के विचारों पर चलकर राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि पंडित जी की विचारधारा को बूथ स्तर तक सशक्त रूप से पहुंचाया जाए और संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत बनाया जाए। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से सेवा, समर्पण और संगठन के भाव से कार्य करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता कल्याण सिंह ठाकुर, जिला मंत्री जय सिंह ठाकुर, शिवम सोनी, मनोज वेद, महामंत्री राजा ठाकुर, पार्षद मदन विश्वकर्मा, राजेंद्र सेंधव, कैलाश सोलंकी, राजू भावसार, तेज सिंह भाटी, सूरज सिंह पटेल, ज्ञान सिंह ठाकुर, हेमंत, के.पी. ठाकुर, मुकेश,संजय मालवीय, देवकरण पढ़ुंदिया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सुरक्षित इंटरनेट सशक्त भविष्य की नींव: भीमसेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



शासकीय महाविद्यालय जावर नगर में सफर इंटरनेट डे 2026 का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य राकेश कुमार सोलंकी ने की।कार्यक्रम का सफल संचालन इतिहास विषय के असिस्टेंट प्रोफेसर भीमसेन मालवीय द्वारा किया गया। अपने ओजस्वी एवं ज्ञानवर्धक संबोधन में मालवीय ने कहा कि "सुरक्षित इंटरनेट ही सशक्त भविष्य की नींव है। डिजिटल युग में सजगता, जिम्मेदारी और नैतिकता के साथ तकनीक का उपयोग करना ही सच्ची प्रगति है।" उन्होंने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा, ऑनलाइन गोपनीयता, फेक न्यूज से बचाव तथा डिजिटल अनुशासन के महत्व के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रभारी प्राचार्य राकेश कुमार सोलंकी ने कहा कि इंटरनेट आज शिक्षा, शोध और संचार का महत्वपूर्ण माध्यम बन चुका है, किंतु इसके दुरुपयोग से बचना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच के साथ तकनीक का सदुपयोग करने तथा सोशल मीडिया पर जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर डॉ. शर्मिला गांगले, डॉ. विजय कुमार यादव एवं डॉ. सुमन भदोरिया उपस्थित रहे। सभी ने विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं जागरूक डिजिटल समाज के निर्माण हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। आयोजन का उद्देश्य डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देना तथा साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता फैलाना रहा।

### वैष्णव बैरागी समाज का सामूहिक विवाह समारोह आयोजित, 6 जोडों का विवाह हुआ

# प्रत्येक क्षेत्र में बैरागी समाज की महत्वपूर्ण भूमिका: विधायक





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

लगभग प्रत्येक प्रगतिशील, जागरूक समाजों की सोच में बदलाव आया है, समाजों में सामूहिक विवाह के आयोजन इस ही अच्छे बदलाव के संकेत है। श्री वैष्णव बैरागी समाज जो एक उन्नतिशील, प्रगतिशील, ओर नई सोच को लेकर आगे बढ़ने वाला समाज है।

इस समाज द्वारा सामूहिक विवाह समारोह करने का विचार, ओर आयोजित कार्यक्रम निश्चित समाज का अच्छा निर्णय है। उक्त उदगार विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने श्री सेंधव क्षत्रिय राजपूत समाज छात्रावास में अखंड श्री वैष्णव बैरागी समाज समिति द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित करते हुए कहे। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा की इस तरह के सामूहिक विवाहों के आयोजन से समय ओर अर्थ की बड़ी बचत होती है।

साथ ही समाज मे एकता के भी दर्शन होते है। ऐसे आयोजनों से समाज का संगठन भी मजबूत होता है जो समाज हित मे होता है। निश्चित अखंड श्री वैष्णव बैरागी समाज द्वारा जो ये आयोजन किया जिसमें समाज के 6 जोड़े परिणय सूत्र में बंधने जा रहे है,में सभी नवयुगल वर वधुओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। अभी मंच से मांग की गई कि वैष्णव बैरागी समाज की अपनी कोई धर्मशाला नही है,समाज को ऐसे छोटे बड़े आयोजनों के लिये धर्मशाला की जरूरत है।

विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने अपने उदबोधन में समाज के सामने घोषणा की, की समाज धर्मशाला के लिये भूमि की व्यवस्था कर ले। उक्त भूमि पर निर्माण कार्य हेतु मुझसे जितना भी ज्यादा से ज्यादा सहयोग होगा में करूंगा। अपने उदबोधन में विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने आयोजित कार्यक्रम निमित्त 11 हजार रुपये देने की भी घोषणा की जिसका समाज जनों ने स्वागत किया। सामूहिक विवाह समारोह में शामिल हुए विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, पूर्व जिला मीडिया प्रभारी सुशील संचेती, हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष भुरू मुकाती, दिलीप मालवीय, नगर भाजपा की मंत्री नीलिमा बैरागी सहित मंचासीन सभी अतिथियों का वैष्णव बैरागी समाज समिति की ओर से दिनेश बैरागी,बाबूदास बैरागी सहित समिति के सभी सदस्यो ने स्वागत सम्मान कर स्मृति चिन्ह भेंट किया। सामूहिक विवाह समारोह में परिणय सूत्र में बंधे सभी 06 वर वधुओं को आशीर्वाद दे कर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने उपहार भेंट किये। आयोजित हुए विवाह कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए।

## बिलावली महादेव मंदिर में पहुंचा प्रशासनिक अमला



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

आगामी शिवरात्रि पर्व को देखते हुए बिलावली महादेव मंदिर में मंगलवार सुबह प्रशासनिक अमला पहुंचा। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने शिवरात्रि पर्व को देखते हुए बिलावली महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बिलावली महादेव मंदिर में की जा रही व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पर्याप्त रोशनी, पानी, बैरिकेडिंग और पार्किंग की व्यवस्था,भीड़ प्रबंधन, बैरिकेडिंग, ऐम्बूलेंस, फायर ब्रिगेड सहित अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।बिलावली मंदिर के निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया, एएसपी ट्रॉफिक एचएन बाथम, एसडीएम देवास अभिषेक शर्मा, तहसीलदार सपना शर्मा, नगर निगम एवं लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण एवं अन्य संबंधित उपस्थित थे। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि आगामी शिवरात्रि पर्व पर दर्शनार्थियों को सुगमता से दर्शन हों। इसको ध्यान में रखते हुए सारी व्यवस्थाएं कर ली जाएं।